तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

बिहान योजना के तहत 30 महिला आजीविका दुकानों ... 12

राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में दो का चयन 12




## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्ति हुईं राशि



**महासमुंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के महासचिवों, सचिवों और राष्ट्रीय समन्वयकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। जिसमें महासमुंद नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग को राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। राशि महिलांग ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि आगामी 5 जनवरी को दिल्ली में नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें इस लायक समझा इसके लिए उन्होनें राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन किए जाने का विश्वास जताया।

### बीयर, शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बीयर, शराब की अवैध रूप से बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम हरनादादर में आरोपी डूमार सिंह निराला पिता लक्षीदास निराला (54 साल) के कब्जे से एक 10 नग किंगफिशर कंपनी का बीयर 11 नग अंग्रेजी गोवा शराब, 05 नग मेक्डावल्ड नं 1 अंग्रेजी शराब अंग्रेजी शराब कुल कीमत 4170 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### छग का पारंपरिक त्योहार छेरछेरा आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ी संस्कृति का गौरव और लोक-आस्था का प्रतीक छेरछेरा पर्व आज पूरे जिले में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पौष पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर आज सुबह से ही जिले के ग्रामीण इलाकों और नगरीय क्षेत्रों में उत्सव का वातावरण बना रहेगा। मान्यता है कि इस दिन अन्न का दान करने से धन की शुद्धि होती है। किसान भाई अपनी मेहनत की फसल का भंडारण करने के बाद आज के दिन मुक्त हस्त से दान करेंगे। आज सुबह से ही बच्चों की टोलियां हाथों में झोले और बोरियां लेकर घर-घर पहुंचना शुरू कर देंगी। छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा की गूंज के साथ बच्चे, युवक और बुजुर्ग भी अन्न दान मांगेंगे। लोग भी श्रद्धापूर्वक अपनी सामर्थ्य अनुसार धान और चावल का दान कर अन्नपूर्णा का सम्मान करेंगे। आज घरों में विशेष रूप से मीठा चीला, गुलगुला और फरा जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाएगें। सबसे पहले इन व्यंजनों का भोग घर के ईष्ट देव और मां अन्नपूर्णा को लगाया जाएगा, जिसके बाद सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया करेगें। यह पर्व न केवल कृषि प्रधान जीवन शैली को दर्शाता है, बल्कि आपसी भाईचारे और उदारता की अलौकिक परंपरा को भी जीवंत रखता है।

### लॉयंस क्लब का चार्टर एवं शपथ ग्रहण आज

**महासमुंद।** लॉयंस क्लब महासमुंद ग्रेटर का चार्टर एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज 3 जनवरी शनिवार को 12 बजे से चावला पैलेस में किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लॉयन विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लॉयन बसंत मिश्रा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पीएमजेएफ लॉयन राजकुमार अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पीएमजेएफ लॉयन रिपुदमन सिंह पुसरी प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, एमजेएफ लॉयन अनिल अग्रवाल जीएलटी को आर्डिनेटर, एमजेएफ लॉयन शांतिलाल शर्मा रीजन चेयरपर्सन, एमजेएफ लॉयन राकेश अग्रवाल जोन चेवर पर्सन होंगे। उक्ताशय की जानकारी क्लब के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने दी है।

**रोषः** तहसीलदार के व्यवहार और कार्यप्रणाली पर लगाए आरोप

# तहसील के सामने पूर्व जनपद सभापति जितेंद्र का अर्धनग्न प्रदर्शन, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

नजरी नक्शा समेत विभिन्न राजस्व कार्यों में हो रही कथित देरी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व जनपद पंचायत सभापति जितेंद्र सिन्हा ने तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मामले में प्रशासन की मानें तो उक्त जमीन के मामले में प्रकरण दर्ज है, सुनवाई जारी है और नियमतः अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व जनपद सभापति जितेंद्र सिन्हा का आरोप है कि पिथौरा तहसील कार्यालय में किसान और आम नागरिक अपने कार्यों के लिए लगातार भटकने को मजबूर हैं। नजरी नक्शा सहित अन्य राजस्व कार्यों के लिए लोगों को बार-बार घुमाया जा रहा है और बिना पैसे के काम नहीं किए जा रहे हैं। स्वयं उनका भी नजरी नक्शा संबंधी कार्य लंबे समय से लंबित है, जिससे वे मानसिक रूप से व्यथित हो गए। इन्हीं आरोपों और अपनी मांगों को लेकर उन्होंने तहसील परिसर में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस समर्थक भी मौके पर मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए।

थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया कि शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 224, 351 और 127 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कांग्रेस नेता जितेंद्र सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



### दरवाजे पर बैठकर नारेबाजी

मामले में यह बात सामने आई है कि उक्त जमीन के सम्बन्ध में विनोद शर्मा पिता नंद राम शर्मा के नाम से आवेदन पूर्व में किया गया था, जिसके संबंध में तहसीलदार द्वारा प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की जा रही है। किंतु, सिन्हा द्वारा स्वयं को जनपद सदस्य बताते हुए महिला तहसीलदार के समक्ष अपने कपड़े उतार कर तहसील कोर्ट के दरवाजे पर बैठ कर नारेबाजी किए जाने पर उच्चाधिकारियों एवं थाना प्रभारी पिथौरा को सूचित किया गया। जिसे पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा बीएनएस के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस संबंध में तहसीलदार मनीषा देवांगन ने बताया कि घटना के समय वे एसआईआर कार्य के प्रशिक्षण के लिए तहसील कोर्ट से बाहर निकल रही थीं। उसी दौरान जितेंद्र सिन्हा ने उनसे नजरी नक्शा देने की मांग की। इस पर तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि शासकीय आबादी भूमि का नजरी नक्शा देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण से लौटने के बाद वे आवेदन देखकर नियमानुसार कार्रवाई करेंगी और इसके लिए आवेदन लगाने की सलाह दी गई थी। तहसीलदार के अनुसार इस बात पर जितेंद्र सिन्हा आवेश में आ गए और कपड़े उतारकर तहसील कोर्ट के सामने प्रदर्शन करने लगे। बिना अनुमति इस तरह का प्रदर्शन किए जाने पर तहसीलदार की शिकायत पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की।

# एकीकृत किसान पोर्टल में वारिसान पंजीयन न होने से किसान परेशान

## विधायक से की हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के कई किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल में वारिसान पंजीयन न हो पाने के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रभावित किसानों ने विधायक महासमुंद को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के निराकरण के लिए हस्तक्षेप की मांग की है।

किसानों ने बताया कि धान विपणन वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में मृतक किसानों के वारिसान का पंजीयन किया जाना आवश्यक है, लेकिन किसान कोड दर्ज करने पर "जानकारी उपलब्ध नहीं" का संदेश प्रदर्शित हो रहा है। जब इस संबंध में समिति से संपर्क किया गया तो बताया गया कि संबंधित किसान का किसान कोड कैरी फॉरवर्ड करने के लिए मृतक किसान का एग्रीटेक पंजीयन अनिवार्य है। किसानों के अनुसार, चूंकि संबंधित किसान की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए उनका एग्रीटेक पंजीयन किया जाना संभव नहीं है। इस कारण किसान कोड कैरी फॉरवर्ड नहीं हो पा रहा है और परिणामस्वरूप वारिसान पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही है।

वारिसान पंजीयन न होने से किसान धान विक्रय करने में असमर्थ हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि धान बिक्री ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है और पंजीयन में आ रही तकनीकी बाधा के कारण वे गंभीर संकट में हैं।

किसानों ने विधायक से मांग की है कि इस समस्या को शासन स्तर पर उठाकर एकीकृत किसान पोर्टल में आवश्यक तकनीकी सुधार कराया जाए, ताकि मृतक किसानों के वारिसों का पंजीयन संभव हो सके और वे समय पर धान का विक्रय कर सकें। किसानों ने यह भी बताया कि इस संबंध में पूर्व में तहसील कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक 838/वा./तह./2025 12 दिसंबर को जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक समाधान नहीं हो पाया है। विधायक सिंहा ने ग्रामीणों को जल्द निराकरण का आश्वास्त किया।

प्रभावित किसान पुरुषोत्तम, ईश्वर, चेतन, शिवनाथ, जीवन आदि ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताते हुए कहा है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में किसान धान विक्रय से वंचित रह जाएंगे।

# उपसरपंच से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उप सरपंच के साथ लूटपाट के मामले में सरायपाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गई।

घटनाक्रम के अनुसार सरायपाली थाने में एफआईआर में माधोपाली निवासी राकेश नायक पिता जन्मजय नायक ने बताया कि वह वर्तमान में उप सरपंच के पद पर है 31 दिसंबर की रात लगभग 08 बजे वह अपने दोस्त लक्ष्मीचंद माधोपाली के साथ अपने मोटर सायकल से अपने निजी काम से सरायपाली आया था। काम समाप्ति के पश्चात रात्रि लगभग 09 बजे वापस घर जा रहा था। जब वे दोनों सारंगढ़ रोड दर्राभांठा बिजली आफिस 132 केवी के पास पहुंचे थे, तभी रास्ते में बिट्टू खान निवासी वार्ड क्रमांक 07 झिलमिला सरायपाली ने अपने साथी के साथ उनका रास्ता रोका।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि इसके बाद बिट्टू ने मुझसे पैसे की मांग की, जिस पर उसने पैसे देने से इनकार किया, तब पेट के पास चाकू टिकाकर पैसे मांगने लगा, वहीं उसका साथी अपने हाथ में लचीला तार रखा था, जिससे मारने को उतारू हो गया था। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बिट्टू खान ने उसके पैंट के दांया पाकिट में रखे 1900 रुपए, मोबाइल और मोटर सायकल की चाबी को छीन लिया। वहीं बिट्टू खान के साथी ने उसके दोस्त लक्ष्मीचंद के पाकिट को चेक किया, कुछ नहीं मिलने पर छीने हुए मोबाईल एवं मोटर सायकल की चाबी को वापस किया और 1900 रुपए को अपने पास रख लिया और बिट्टू खान ने कहा कि घटना के संबंध में किसी को बताओगे या पुलिस को खबर दोगे तो जान से मार दूंगा। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 126(2), 296, 3(5), 309(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




मामले की रिपोर्ट के बाद थाना सरायपाली की टीम ने घटना की गंभीरता को देखते हुये तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश की। टीम ने आरोपी की खोजबीन कर मुख्य आरोपी बिट्टू खान पिता मो आमिन खान (23 वर्ष) ताज नगर झिलमिला को दो जनवरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई रकम 1900 रुपए को बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। वहीं उक्त घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

# पेट्रोल पंप संचालक से मारपीट, महिला स्टाफ से अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम शेर स्थित पेट्रोल के संचालक के साथ मारपीट और महिला स्टाफ के साथ दो लोगों द्वारा गाली गलौज किए जाने का मामले में सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम शेर में सनराइस पेट्रोल पंप संचालक युवराज साहू ने बताया कि 1 जनवरी की शाम 4 बजे के करीबन जितेंद्र कुमार एवं देवराज नायक निवासी ग्राम शेर अपनी मोटर सायकल में पेट्रोल भरवाने आए। पेट्रोल भराने के बाद महिला स्टाफ ऋतु ध्रुव एवं चित्रकला ध्रुव के साथ पैसों को लेकर वाद विवाद, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। तब महिला स्टाफ द्वारा प्रार्थी को बुलाया, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।






## खबर संक्षेप




### नाली पर बने पाटों को तोड़कर कराई सफाई

**रायपुर।** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को रायपुरा चौक महादेवघाट मार्ग से ओम हास्पिटल तक नाली पर बनाए गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर नाली की सफाई करवाई। नाली पर पाटा बनाकर कब्जा करने से नाली की सफाई प्रभावित हो रही थी, आसपास के रहवासियों ने इसकी शिकायत जोन 5 दफ्तर में की। शिकायत के बाद जोन 5 कमिश्नरी ने इस पर संज्ञान लेकर पाटों को तोड़ते हुए सफाई में आ रही बाधा दूर की। शहर में नाली पर पाटा बनाए जाने से गंदे पानी के निकास की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जोन स्तर पर जनशिकायत मिलने पर निगम की टीम नालियों को कब्जा मुक्त कराने अभियान चलाती है। इसी कड़ी में जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रायपुरा चौक मार्ग से लेकर ओम हॉस्पिटल तक नाली पर निर्मित किये गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाली को कब्जामुक्त करवाया।

### डिप्टी सीएम साव के ओएसडी होंगे अजय त्रिपाठी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव के ओएसडी बदल दिए गए हैं। विपुल गुप्ता की जगह अजय त्रिपाठी नए ओएसडी बनाए गए हैं, जो कि पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरीय प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ओएसडी बनाए गए हैं। बता दें कि अजय त्रिपाठी कबीरधाम जिला पंचायत के सीईओ हैं। विपुल गुप्ता संयुक्त कलेक्टर मूल पद पर वापस भेजे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### पॉवर कंपनी में भी अब बायोमैट्रिक उपस्थिति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय परिसर में अब आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ कर दी गई। इस प्रणाली के अंतर्गत यहां पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुबह 10 बजे उपस्थिति देते वक्त तथा शाम 5.30 बजे कार्यालय छोड़ते वक्त अपने आने एवं जाने की बायोमैट्रिक उपस्थित अंकित करनी होगी। कंपनी के संयुक्त कार्यालय परिसर में 7 स्थानों पर बायोमैट्रिक डिवाइसेस लगाई गई हैं। यह सुविधा भी दी गई है कि आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपने कार्यालय की निर्धारित परिधि में आकर अपने मोबाइल फोन में डाउनलोडेड एप से भी यह कार्य किया जा सकता है।

### शहर में लोगों को ठिठुरन से बचाने 30 जगहों पर अलाव

**रायपुर।** राजधानीवासियों को शीतलहर से राहत दिलाने नगर निगम द्वारा जयस्तंभ चौक, नेताजी सुभाष स्टेडियम, आंबेडकर अस्पताल परिसर, पुराना बस स्टैंड पंडरी, रेलवे स्टेशन के पास चंगोराभाठा बाजार, हीरापुर चौक सहित 30 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने से लोगों को ठिठुरन से राहत मिली है। यह व्यवस्था नगर निगम के संबंधित जोन के माध्यम से की जा रही है। अलाव की व्यवस्था शंकर नगर, अवंति विहार कॉलोनी, टाटीबंध चौक, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सरोना, चन्दनीडीह, महोबा बाजार, परमानन्द नगर कोटा, सत्यम विहार रायपुरा, शिक्षक कॉलोनी डंगनिया, तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव, जगन्नाथ चौक रामनगर, बड़ा अशोक नगर, जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा में भी की गई है।

# सरकारी अस्पतालों में बनेंगे विश्राम गृह, बड़े शहरों से होगी प्रोजेक्ट की शुरुआत

## शुरुआती चरण के लिए रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर के मेडिकल कॉलेजों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में विश्राम गृह खोले जाएंगे। इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजन यहां किफायती दर पर रुक सकेंगे। शुरुआती चरण में रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों के मेडिकल कॉलेजों को चुना गया है।

यहां दूरस्थ अंचलों से आने वाले मरीजों की सर्वाधिक संख्या होती है, इसलिए पहले यहां विश्राम गृह बनाए जाएंगे। इसके बाद प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसी तर्ज पर विश्राम गृह का निर्माण होगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दूर-दराज के गांवों से शहर आने वाले गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती इलाज के साथ-साथ खुद के ठहरने की होती है। मरीज तो वार्ड में इलाज करा रहा होता है, लेकिन उसके अपने लोग अस्पताल के गलियारों, ठंडी



सीढ़ियों या खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने को मजबूर होते हैं। इसी मानवीय पीड़ा को महसूस करते हुए यह नई व्यवस्था की जा रही है। एमओयू संपादन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब, स्वास्थ्य विभाग सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त रितेश अग्रवाल सहित सेवादान फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

### मरीजों को राहत पहुंचाने व्यवस्था

इन आश्रय स्थलों के निर्माण, सजावट और उनके रोजमर्रा के संचालन का पूरा जिम्मा संस्था खुद उठाएगी। सरकार और संस्था मिलकर एक ऐसा मानवीय ढांचा तैयार कर रहे हैं जहां परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहद किफायती ठहराव मिल सके। इन विश्राम गृहों में लोगों के लिए 24 घंटे सुरक्षा, सीसीटीवी की निगरानी, साफ-सुथरा भोजन और एक गरिमामय माहौल भी सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग के अनुसार, यह कदम न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के साथ हजारों परिवारों को बड़ी मानसिक राहत पहुंचाएगा, जिनके पास शहर में रहने का कोई ठिकाना नहीं होता। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, विश्राम गृह 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' के आधार पर संचालित होंगे। सरकार का उद्देश्य मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की गरिमा और सुविधा का भी ख्याल रखना है।

## बैठक : जंबूरी के सफल आयोजन को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को लेकर शिक्षा मंत्री ने ली मैराथन बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी तैयारी को लेकर मैराथन बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने 9 से 13 जनवरी तक दुधली जिला बालोद में आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी तैयारी को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सहभागिता तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गहन चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि जंबूरी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय जंबूरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, मार्च पास्ट, झांकी, डॉग शो, बैंड प्रदर्शन, रक्तदान शिविर, युवा सांसद, एडवेंचर गेम्स, फिजिकल डिस्प्ले, वॉटर स्पोर्ट्स, प्रदर्शनी तथा छत्तीसगढ़ डे जैसे विविध प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है। पूरे भारत के राज्यों एवं संघठनों से दस हजार से अधिक रोवर-रेंजर इस जंबूरी में भाग लेंगे। साथ ही श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल से भी युवा प्रतिभागियों के आने की संभावना है। शिक्षा मंत्री यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं प्रभारीजनों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जंबूरी भ्रमण कार्यक्रम में आसपास के जिलों के स्कूली विद्यार्थियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा एवं भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू, जिला मुख्य आयुक्त बालोद राकेश यादव, बालोद जिला शिक्षाधिकारी मधुलिका तिवारी, राज्य मुख्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, सुनील तिवारी, बीना यादव, सरिता पांडे, जलवती साहू, पूनम सिंह साहू, अमित क्षत्रिय, भूपेंद्र शर्मा, अमर मोदी, मिलन सिन्हा, विजय यादव, डीके पुरोहित, आनंद राम बघेल, शत्रुघन साहू, मितेन गणवीर, हेमंत देवांगन, हेमंत शर्मा, संजय मानिकपुरी, हेमधर साहू, राजीव तिवारी, अवधेश विश्वकर्मा, कमलेश साहू, तिलेश्वर बघेल, उत्तरा मानिकपुरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोडार जलाशय से परसट्ठी खार को जल प्रदाय की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोडार जलाशय से रबी फसल हेतु किए जा रहे जल प्रदाय में ग्राम परसट्ठी खार को शामिल किए जाने की मांग किसानों द्वारा की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बरोंडा बाज़ार अंतर्गत ग्राम परसट्ठी के किसानों ने कलेक्टर महासमुंद को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि इस वर्ष क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण कोडार जलाशय में पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध है तथा वर्तमान में रबी फसल के लिए गांव बंजारी, घोंघीबाहरा, बनसिवनी, कौंदकेरा, सोरिद, चोरभट्ठी, नयापारा, परसदा, मुस्की, कांपा, खरोरा एवं बरोंडा बाज़ार सहित कई ग्रामों को जल प्रदाय किया जा रहा है। लेकिन, ग्राम परसट्ठी खार को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। किसानों ने बताया कि पूर्व में दो बार रबी फसल के लिए जल प्रदाय किया गया था, जिसमें ग्राम परसट्ठी को भी सम्मिलित किया गया था। ग्राम का रकबा छोटा होने के बावजूद पानी नही मिलने से किसानों को रबी फसल से वंचित होना पड़ सकता है। आवेदन के माध्यम से किसानों ने मांग की है कि पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी ग्राम परसट्ठी खार को जल प्रदाय योजना में शामिल किया जाए। साथ ही जहां तक वर्तमान में पानी पहुंचाया जा रहा है, उसके आगे स्थित दो नहर माइनर को भी जोड़ने की मांग की गई है, जिससे क्षेत्र के अधिक किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में सरपंच लेखराज साहू सहित अनेक किसानों ने हस्ताक्षरित आवेदन सौंपते हुए प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

## 5 जिलों में 174 किमी सड़क होगी चौड़ी और मजबूत

**रायपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सीआरआईएफ से प्राप्त होने वाली इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब 174 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

## छत्तीसगढ़ का नया बजट

# अब सभी मंत्रियों की वित्तमंत्री से चर्चा 6 से 9 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया अंतिम और निर्णायक दौर में आ पहुंची है। अब से पहले महीनों से विभागाध्यक्ष से लेकर सचिव स्तरीय बजट चर्चा के बाद अब बारी है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा की। यह चर्चा 6 जनवरी से शुरू होकर 9 तक चलेगी। हालांकि अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों की चर्चा का समय तय नहीं हुआ है।

मंत्री स्तरीय बजट चर्चा के दौरान 6 जनवरी से 9 जनवरी तक मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी। बताया गया है कि मंत्री अपने विभागों से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव पेश करेंगे। वित्त मंत्री से चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर बजट में शामिल किया जाएगा। जिन नवीन मद के प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी उन्हें दरकिनार किया जाएगा। इसी चर्चा के एक हिस्से में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री के साथ चर्चा होगी।

### ये है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्य

वित्त विभाग द्वारा मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्यक्रम जारी किया गया है। 6 जनवरी को चार मंत्री इस चर्चा में शामिल होंगे। इनमें लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब। 7 जनवरी को केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, 8 तारीख को उप मुख्यमंत्री अरुण साव, गजेंद्र यादव, 9 की बैठक में दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों पर चर्चा होगी।

# छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में भर्ती

## दस्तावेज सत्यापन की समय-सारिणी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अंतर्गत मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, ड्रेसर एवं कम्पाउंडर पदों की भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की समय-सारणी जारी कर दी गई है। अध्यक्ष भर्ती समिति छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया भर्ती केंद्र–4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना, जिला रायपुर में आयोजित की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने-अपने पद एवं रोल नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि को प्रातः 8 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। दस्तावेज सत्यापन क्रमशः 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 2 फरवरी तक चलेगा।



### प्रवेश पत्र जारी

दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रवेश पत्र संबंधित तिथि से 10 दिन पूर्व जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पदवार तिथि इस प्रकार है

समय-सारणी के अनुसार मेल नर्स पद के लिए 12 एवं 13 जनवरी को, फीमेल नर्स पद के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी तक, लैब टेक्नीशियन के लिए 22 जनवरी को तथा फार्मासिस्ट पद के लिए 23, 27, 28 एवं 29 जनवरी को दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। वहीं नर्सिंग असिस्टेंट एवं ड्रेसर पद के अभ्यर्थियों का सत्यापन 30 जनवरी को एवं कम्पाउंडर पद के अभ्यर्थियों का 2 फरवरी को किया जाएगा।

# विकास कांग्रेस प्रवक्ता पद से हटाए गए, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने झीरम कांड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल और कवासी लखमा का नार्को टेस्ट कराने के लिए झीरम वृहद जांच आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखे जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदेश विकास तिवारी को पद से हटाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

महामंत्री ने जारी विकास तिवारी को पत्र में कहा है कि झीरम जांच के लिये गठित न्यायिक जांच आयोग को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का नार्को टेस्ट के लिए लिखा है और जांच के लिये कहा है। उन्होंने कहा है कि यह घटना भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुई और इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ाई लड़ रही है और पीड़ित परिवार सहित प्रदेश की जनता सच्चाई जानना चाहती है। वरिष्ठ प्रवक्ता होने के नाते आपकी बात पार्टी लाइन में होना चाहिए, किन्तु आपके द्वारा हमारे दोनों वरिष्ठ नेताओं का नाम जोड़कर मीडिया में प्रचारित करना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विकास को वरिष्ठ प्रवक्ता के पद से पदमुक्त करते हुए यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन के भीतर अपना लिखित जवाब प्रदेश कांग्रेस को प्रेषित करें।

### झीरम कांड में कांग्रेस नेताओं के नार्को टेस्ट की मांग की थी



### पार्टी ने गंभीरता से लिया

उल्लेखनीय है कि विकास तिवारी ने पिछले दिनों में झीरम कांड को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जांजगीर-चांपा में दिए गए भाषण को आधार बनाते हुए उन्होंने कांग्रेस नेताओं का भी नार्को टेस्ट कराने को लेकर पत्र लिखा, मामले को उन्होंने सोशल मीडिया में प्रचारित भी किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया और पूरे मामले में प्रदेश प्रवक्ता पर कार्रवाई की है।

## जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक, वहां नए बूथ

# एसआईआर के साथ 2828 नए मतदान केंद्र बनाए गए, औसत मतदाता की संख्या हुई कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक तरफ एसआईआर के साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़े हुए मतदान केंद्रों में औसत मतदाता की संख्या को कम करने का निर्णय लिया गया है।

बताया गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का उपयोग कर सके, माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक यह प्रक्रिया लागू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन विभाग ने इस बार 2828 नए मतदान केंद्र बनाए हैं। नए केंद्रों के जुड़ने से राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 से बढ़कर 27199 हो जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। जिन क्षेत्रों में पिछली बार मतदाता दूरी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए गए हैं।



### ग्रामीण इलाकों और नक्सल प्रभावित जिलों में बनेंगे

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें। निर्वाचन आयोग के नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित किए गए हैं।

### जिले में बढ़े 561 मतदान केंद्र, सबसे ज्यादा 164 रायपुर ग्रामीण में

रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पिछले चुनाव में 1923 मतदान केंद्र थे। यहां कुल 561 नए मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है। अब इसकी संख्या बढ़कर 2484 हो गया है। जिले की धरसींवा विधानसभा में पहले 254 मतदान केंद्र थे, यहां पर 48 नए मतदान केंद्र बनाए जाने से इसकी संख्या बढ़कर 302 हो गई है। रायपुर ग्रामीण में 327 मतदान केंद्र थे, यहां 164 केंद्र बढ़ने से 491 मतदान केंद्र होंगे। रायपुर नगर पश्चिम में 283 मतदान केंद्र थे, यहां 102 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 385 हो जाएगी। रायपुर नगर उत्तर में 204 मतदान केंद्र थे, यहां 55 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 259 हो जाएंगे। रायपुर नगर दक्षिण में 253 मतदान केंद्र थे, यहां 91 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 344 हो जाएंगे। आरंग विधानसभा क्षेत्र में 251 मतदान केंद्र थे, यहां 54 नए केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 304 हो गए हैं। अभनपुर में 241 मतदान केंद्र थे, यहां 40 नए मतदान केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 281 हो गई है। वहीं बलौदाबाजार विधानसभा में 110 मतदान केंद्र थे, यहां 7 नए मतदान केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 117 हो गई है।

## खबर संक्षेप

### अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का भूमिपूजन कल

**महासमुंद**। शहर की पहचान और जीवन रेखा मानी जाने वाली सितली नाला के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का शंखनाद होने जा रहा है। स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण अभियान का विधि-विधान से भूमिपूजन आगामी 4 जनवरी (रविवार) को किया जाएगा। अभियान समाजसेवी स्व.अशोक चौरड़िया की स्मृति को समर्पित है। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही और सचिव मोहन साहू ने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, पर्यावरणविदों और प्रकृति प्रेमियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हों।

### बरोंडाबाजार में मड़ई मेला 7 को

**महासमुंद**। ग्राम बरोंडाबाजार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार 07 जनवरी 2026 को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बूटाकसा जिला मोहेला मानपुर का कार्यक्रम होगा।

### रकबा संशोधन के लिए 7 तक का समय निर्धारित

**महासमुंद**। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा पत्र जारी कर एग्रीस्टैक फार्मर आईडी जनरेटेड किसानों का धान विक्रय के लिए त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन एवं पीवी सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि सुधार का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक खुला रहने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सचिव कृषि विभाग के आदेशानुसार जिले के सभी किसान जो एग्रीस्टैक फार्मर आईडी में पंजीकृत हैं, उनके त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन, पीवी सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक सोसायटी एवं लैंपस मॉड्यूल खुला रहेगा। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में सुधार की कार्रवाई पूर्ण करा लें, ताकि अपने पंजीकृत रकबा का त्रुटि सुधार कराकर अपने धान का विक्रय कर सकें।

### बिंद्रावन में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 6 से

**नर्रा**। ग्राम बिंद्रावन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन 6 से 14 जनवरी 2026 तक किया है। कथा वाचक पंडित हेमप्रकाश बबलू शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा श्रवण दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। 6 जनवरी मंगलवार को वेदी, कलश स्थापना, गौकरण पूजा, 7 जनवरी बुधवार को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परीक्षित जन्म, 8 जनवरी गुरुवार को वराह अवतार, शिव-पार्वती विवाह, 9 जनवरी शुक्रवार को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 10 जनवरी शनिवार को वामन अवतार, राम-कृष्ण अवतार, 11 जनवरी रविवार को श्रीकृष्ण की बाललीला, रासलीला, 12 जनवरी सोमवार को कृष्ण-रुखमणि विवाह, 13 जनवरी मंगलवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भगवान बारात, 14 जनवरी बुधवार को गीता, हवन होंगे।

# प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सरायपाली में 27, 200 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध धान की रोकथाम के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के कड़े निर्देशों के साथ जिले में अवैध धान के परिवहन और भंडारण के खिलाफ एक व्यापक अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में साल के पहले ही दिन यानी 1 जनवरी को सरायपाली तहसील में प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम दिया। एसडीएम सरायपाली, अनुपमा आनंद के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सरायपाली क्षेत्र में स्थित दो प्रमुख औद्योगिक इकाइयों समलेश्वरी इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान एग्रोटेक पर औचक छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों और बिचौलियों में हड़कंप मच गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर न केवल स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया, बल्कि धान से जुड़े दस्तावेजों और मंडी की अनुमति फाइलों की भी बारीकी से जांच की।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बड़े पैमाने पर अनियमितताएं देखने को मिलीं। जांच में पाया गया कि इन इकाइयों के पास मौजूद वास्तविक धान का स्टॉक उनके आधिकारिक रिकॉर्ड और दस्तावेजों से मेल नहीं खा रहा था। भंडारण में भारी अंतर पाए जाने के साथ-साथ यह भी स्पष्ट हुआ कि मंडी अधिनियम और प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। प्रशासनिक टीम ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और मौके पर ही कुल 27, 200 बोरी धान को जब्त कर लिया। इस बड़ी जब्ती को मंडी अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया है।

**सतत जारी रहेगी निगरानी**

जिला ओडिशा की सीमा से लगा होने के कारण यहां अक्सर बाहरी धान के अवैध परिवहन की शिकायतें मिलती रहती हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों और गोदामों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। आने वाले दिनों में जिले की अन्य तहसीलों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच और कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और मंडी बोर्ड के अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने देर शाम तक दस्तावेजों और बोरियों की गिनती का काम पूरा किया।

# 18 वर्ष के युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लगेगा विशेष शिविर

## अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने के लिए शिविर में अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एसआईआर 2026 कार्यक्रम अनुसार गणना चरण के समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित है।

एसआईआर 2026 के तहत 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं सहित 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप 6 में आवेदन प्राप्त किया जाना है। साथ ही 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने के लिए घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप 6 में अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के नोडल प्राचार्य एवं महाविद्यालयीन व विद्यालयीन समस्त प्राचार्यों को जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों (महाविद्यालयों) में विशेष शिविर का आयोजन करने तथा शिविर के आयोजन में कैम्पस एंबेसडर एवं प्राध्यापक नोडल अधिकारी (स्वीप) का सहयोग लेने कहा है। इसी तर्ज पर जिले के सभी हायर सेकण्डरी स्कूलों में 17$ आयु प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से अग्रिम आवेदन फार्म-6 प्राप्त करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है। विद्यालयों, महाविद्यालयों में नुक्कड़ नाटक आदि स्वीप गतिविधियों माध्यम से मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने, नये मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने के लिए विभिन्न नवाचार के माध्यम से प्रेरित करने कहा है। विशेष शिविरों में संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों, जिला प्रशासन की टीम की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

### आवश्यकतानुसार नए ईएलसी का गठनः कलेक्टर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा है कि आयोग के निर्देशानुसार समस्त जिलों में वर्ष 2018 एवं 2019 में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) की स्थापना की गई थी। अतः पूर्व से गठित मतदाता साक्षरता क्लबों को पुनः एक्टिवेट करने अथवा आवश्यकतानुसार नए ईएलसी का गठन किया जाकर एसआईआर-2026 (दावा-आपत्ति) चरण के दौरान ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाए। कलेक्टर लंगेह ने उपरोक्तानुसार कार्रवाई दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 के पूर्व संपादित कराने के निर्देश दिए है। ताकि, समयावधि में घोषणा पत्र के साथ प्राप्त फॉर्म-6 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा निर्धारित समय में निराकरण किया सके तथा पात्र मतदाताओं का नाम 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में शामिल किया जा सके।

# बेंदारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- शाउमावि दुलारपाली के एनएसएस का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बेंदारी में राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेयी, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ एस गजपाल के मार्गदर्शन, प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के संयोजन तथा शिविर संचालक कृष्ण कुमार नायक, सहसंचालक अहिल्या नायक के नेतृत्व में किया गया।

शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार नायक प्राधिकृत अधिकारी कृषि सहकारी समिति बिछिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में देवकी पारस पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुलारपाली, आशमोती केदारनाथ साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत दुलारपाली, देवेंद्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति दुलारपाली, पंच उर्मिला सिदार, प्रेमलता पटेल, हृषिकेश पटेल, डॉ गोपीनाथ साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित चौरसिया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार नायक ने किया।

# गंधेश्वर मंदिर पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री शेखावत का ट्रस्टियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक दिनी प्रवास पर आए भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सिरपुर स्थित गंधेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन व पूजन किया। इस मौके पर मुख्य द्वार पर मंत्री शेखावत का गंधेश्वनाथ ट्रस्ट कमेटी के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, मोहन वर्मा, बाबूलाल ध्रुव, शिवशंकर अग्रवाल ने गुलदस्ता व पुष्पहार से स्वागत किया।

पश्चात केंद्रीय मंत्री शेखावत, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निमग अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, जिपं उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने गंधेश्वर महादेव के पूजन दर्शन किया। पुजारी धर्मेंद्र अमन गिरि गोस्वामी ने केंद्रीय मंत्री शेखावत का संक्षिप्त अभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से अभिषेक पूजन व आरती कराया। सभी ने सुख समृद्धि की प्रार्थना भोलेनाथ से की। इसके बाद आए अतिथियों का ट्रस्ट कमेटी की ओर से शाल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर शशि शर्मा, सुखीराम हिरवानी, नुकेश चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, दिलीप जैन आदि मौजूद रहे।



# सनातनी हिंदू परंपरा ही हमारी संस्कृति : बालक दास

## विशाल हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन एवं शताब्दी वर्ष पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रानी लक्ष्मीबाई बस्ती इमलीभाठा में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में पाटेश्वरधाम बालोद से पधारे स्वामी राम बालक दास ने हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि सनातनी हिंदू परंपरा, धर्म एवं आध्यात्म ही हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता की चकाचौध से दूर होकर भारतीय ऋषि परंपरा को अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। वर्तमान मोबाइल के जमाने में भी हाय हैलो की जगह जय श्रीराम होना चाहिए। जन्मदिन के समय केक काटते हुए दीये बुझाने की परंपरा बंद होनी चाहिए। क्योंकि, हमारी हिंदू संस्कृति दीप जलाना सिखाती है ना कि बुझाना। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर डॉ. संजीव कर्माकार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राष्ट्र निर्माण में अग्रणी विश्व के सबसे बड़ा संगठन है। सामाजिक समरसता व पंच परिवर्तन पर बात करते हुए अनिता सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्कृति सदैव समाज को एकसूत्र में बांधने की रही है। विशाल हिंदू सम्मेलन के संदर्भ में जानकारी देते हुए डीआर सोरी, दिनेश बेहरा, एमआर विश्वनाथन एवं विजय चंद्राकर ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई बस्ती हिंदुत्व विचारधारा के साथ सतत अग्रसर है। इस अवसर पर समस्त बस्तीवासियों के लिए भोग भंडारे की व्यवस्था की गई, जो पूरे शहर में चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम के पूर्व भगवाध्वज एवं गौमाता संरक्षण पर पत्रक वितरण किया गया। टेकराम सेन ने बताया कि भारत माता की आरती एवं पूर्ण वंदे मातरम के गान से वातावरण राष्ट्र भक्ति से जूझता रहा।




विशाल हिंदू सम्मेलन में नीलमणि चंद्राकर, राजेश डड़सेना, विजय चंद्राकर, डीआर सोरी, जीएस ठाकुर, इंदु मिश्रा, सुजाता विश्वनाथन, दुलारी, सविता, विमला चंद्राकर, वर्षा चंद्राकर, महावीर पवार, तीरथ दास वैष्णव, राखी शर्मा, जानकी आर्य, बंशी साहू, विनोद भारती शर्मा, सीएस गौर, प्रभा साहू, हनीश बग्गा, रमन दयालू चंद्राकर, जगदीश, लालाराम, गोवर्धन साहू, माखन पटेल, ममता बग्गा, पप्पू सुनैना ठाकुर, जय देवांगन, गीता सेन, कमला रौतिया, भुनेश्वरी शुक्ला, संगीता गोस्वामी सहित समस्त मोहल्लावासियों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी हिंदू सम्मेलन प्रभारी विजय चंद्राकर, टेकराम सेन, दिनेश बेहरा, एमआर विश्वनाथन, हनीश बग्गा ने दी है।

# नगर के उपकार भवन में मनाया गया नववर्ष उत्सव

**महासमुंद**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा उपकार भवन में ब्रम्हा कुमारियों एवं पूरा ईश्वरीय परिवार ने बड़े हर्षोल्लास के साथ नववर्ष उत्सव मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से सुंदर समां बांधा। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने नववर्ष का केक काटकर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने नव प्रति कुछ आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि पिता परमात्मा शिव हम बच्चों को कहते हैं, इस नए वर्ष में हमें अपनी सोच और कर्मों में सकारात्मकता लाना चाहिए। पुराने वर्ष की असफलताओं को भूलकर हर दिन एक नई उर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़े। पिछले बातों को छोड़कर इस वर्ष केवल प्यार खुशी और सम्मान देने का संकल्प लें। परमात्मा को याद करें। क्योंकि, उनका साथ ही हर कार्य को सहज बनाता है। राजयोग की विद्या और ध्यान में वो ताकत है, जो असंभव को संभव में बदल देता है। हमें अपने जीवन में राजयोग की शिक्षा को शामिल करना चाहिए।



# ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के बाद भी पेंशन के लिए भटक रहे पेंशनर

**महासमुंद**। जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन जमा करने के बाद पेंशन के लिए पेंशनर भटक रहे। ज्ञात हो कि पेंशनरों को माह नवंबर में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है। नवंबर 2025 में स्टेट बैंक मुख्य शाखा में जाकर ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र, बैक कर्मचारियों द्वारा करवाया था। कई पेंशनरों को बैंक से फोन आया और एक से अधिक बार ऑनलाइन जीवन प्रमाण जमा किया। सफलतापूर्वक जीवन प्रमाण जमा होने का मैसेज भी आया है। लेकिन, बहुत से लोगों का 1 जनवरी को पेंशन नहीं आया। इस संबंध में स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक प्रवीण जैन से संपर्क करने पर सफलतापूर्वक जीवन प्रमाण पत्र जमा होने के बाद भी पेंशन नहीं आने से वे भी अचंभित है। उन्होंने उच्च कार्यालय से संपर्क कर पुनः ऑफलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने और 10 दिनों में पेंशन खाते में आने की जानकारी दी। छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने कहा कि इस प्रकार ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के बाद भी पेंशनर अपने पेंशन के लिए भटक रहे। इसकी जवाबदारी तय होनी चाहिए। पेंशनरों का पेंशन ही एक मात्र आर्थिक आय का साधन है। वे दवाई, डॉक्टर और अस्पताल तथा परिवार की अन्य जरूरत पेंशन से पूरा करते है। ऐसे में जीवित रहते हुए जीवन प्रमाण पत्र का सबूत देने के बाद भी वृद्ध पेंशनरों का अपने पेंशन के लिए दर-दर भटकना ना पड़े। संबंधित बैंक इस समस्या का हल निकाले और भविष्य में ऐसा परेशान न किया जाए। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव ने दी है।

# जिले में चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरुकता अभियान 9 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देशानुसार खाद्य विभाग के लिए रजत जयंती वर्ष 2025-26 का 02 जनवरी से लेकर 09 जनवरी 2026 तक की अवधि में उपभोक्ता जागरुकता एवं चावल उत्सव का आयोजन किए जाने का निर्देश दिया गया है। शासन के निर्देश के परिपालन में अपर कलेक्टर रवि साहू की अध्यक्षता में रजत जयंती के आयोजन के संबंध में खाद्य विभाग, उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोष आयोग, नाप तौल विभाग, जिला सह. केंद्रीय बैंक, मार्कफेड, नागरिक आपूर्ति निगम, पेट्रोल पंप संचालक, गैस वितरक संचालक का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में साहू द्वारा शासन की मंशा अनुरूप जिले के प्रत्येक उचित मूल्य की दुकानों में 02 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं निगरानी समिति के सदस्यों, दुकान संचालक एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन करने तथा उपभोक्ताओं के अधिकारों के साथ-साथ उपभोक्ता विवादों के निराकरण की विद्यमान कार्यप्रणाली की जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराए जाने के लिए उपभोक्ता जागरुकता सप्ताह का आयोजन करने के लिए सर्व सम्बधित विभागों को निर्देश दिया गया।

बैठक में खाद्य अधिकारी अजय कुमार यादव द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में रिकार्ड वृद्धि, खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का विस्तार, नवीन उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन, राशनकार्ड अंतर्गत हितग्राहियों की राशन सामग्री की उपब्लधता, पीडीएस प्रणाली के डिजिटल बदलाव एवं वन नेशन वन राशनकार्ड अंतर्गत पोर्टिबिलिटी सुविधा आदि खाद्य विभाग की योजनाओं की विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। इसी प्रकार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, महासमुंद के सदस्य गिरीश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आम उपभोक्ताओं को अपने उपभोक्ता अधिकार की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार की ठगी होने अथवा शिकायत के संबंध में ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सम्बधित जिले के जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोष आयोग में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।




नापतौल विभाग महासमुंद के अधिकारी सिद्धार्थ दुबे द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं को सही वजन की वस्तुएं प्राप्त हो, इसके लिए उपभोक्ताओं को यह अधिकार है कि जो मूल्य देकर सामान खरीद रहा है, वह वस्तु सही वजन का उसे प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं इसके लिए उपभोक्ता को यह अधिकार है कि वह किराना दुकान से प्राप्त समान, पेट्रोल पंप से प्राप्त पेट्रोल / डीजल, गैस एजेंसी से प्राप्त गैस सिलेंडर आदि एवं अन्य संस्थानों से प्राप्त सामग्री के वजन ज्ञात करने के लिए संस्था/दुकान में रखी वेईंग मशीन सील सत्यापित है अथवा नहीं उसकी जानकारी दुकान संचालक से पुछताछ कर सकता है तथा दुकान संचालक को वेईंग मशीन का नापतौल विभाग से सत्यापित प्रमाण पत्र उपभोक्ता द्वारा मांगे जाने पर दिखाना अनिवार्य है, इससे आम उपभोक्ता वेईंग मशीन में गड़बड़ी की संभावना को जान सकता है। यदि उपभोक्ताओं को सही वजन का सामान नहीं मिल रहा है अथवा दुकानदार द्वारा वजन में फ्राड किया जा रहा है तो वह जिला उपभोक्ता आयोग में अथवा राज्य स्तर पर एवं नेशनल स्तर पर नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाईन टोल-फ्री नंबर 1800-114000 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार महावीर प्रसाद चंद्राकर आ० रामखिलावन, निवासी ग्राम नेउरडीह, पोस्ट बरबंदा (मांढर), तहसील सारागांव धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूं कि भूमि स्वामी मनीष कुमार चंद्राकर पिता रोहित चंद्राकर निवासी-महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.) के स्वत्व आधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा खम्हरिया, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील बागबहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.क्र.-1018/2, 1013 एवं 1015/2 रकबा क्रमशः 0.52, 1.13 एवं 0.31 कुल रकबा 1.96 हे. भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि रू. 15,00,000/- रूपये (पन्द्रह लाख रूपये) धनादेश के माध्यम से अदा की गई है, अतः इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय अर्ध-शासकीय निकाय, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सचूना प्रकाशन के 7 दिनो के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करें। 7 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष मे पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा एवं इस सौदा होने के बाद उपरोक्त भूमि पर कि जाने वाली बाद की खरीदी बिक्री अवैध मानी जावेगी।

दिनांक 02/01/2026

सो सूचना जाने
भवदीय
**सुशील कुमार पात्रे अधिवक्ता लायर्स चेम्बर जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-62604976644**

## खबर संक्षेप



### छेरछेरा त्योहार आज

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 3 जनवरी शनिवार को छेरछेरा त्योहार मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ का लोकपर्व है, जो बड़े से लेकर छोटे बच्चे तक मिलकर बहुत ही धूमधाम से छेरछेरा त्योहार मनाते है। छेरछेरा त्योहार हर साल पौष मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इसी दिन सभी घर के बच्चे इकट्ठा होकर घर-घर जाकर धान मांगते है। और सभी घर लोग बच्चों को धान को दान भी करते है। छेरछेरा त्योहार बहुत पहले सदियों से मानते आ रहे हैं।

### बिरकोनी चंडी मंदिर में पौष पूर्णिमा मेला आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित मां चंडी मंदिर में पौष पूर्णिमा छेरछेरा मेला एवं वार्षिक समारोह 3 जनवरी शनिवार को आयोजित किया गया है। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता की पूजा आरती एवं दर्शन व सेवा की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक रंगमंच परिसर में रात्रि 11 बजे लोक गायिका पूनम विराट तिवारी एवं दिव्या तिवारी राजनांदगांव वालों की प्रस्तुति होगी।

### भगत सिंह बस्ती में हिंदू सम्मेलन आज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय संवय सेवक संघ के शहीद सरदार भगतसिंह बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 3 जनवरी शनिवार दोपहर 2 बजे स्थानीय लोहिया चौक में किया गया है। सम्मलेन की अध्यक्षता सरदार गुरुबचन सिंग, अतिथिगण नारायणदास वैष्णव, अनिता सिन्हा तथा मुख्य वक्ता भूपेंद्र राठौर वरिष्ठ अधिवक्ता होंगे। शहीद भगत सिंह बस्ती प्रमुख नेहरू पटेल एवं सह प्रमुख अखिलेश राव ने सनातन धर्म प्रेमियों को शामिल होने की अपील की है।

### अमर वीर शहीदों के नाम दीप जलाकर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नववर्ष पर अमर वीर शहीदों के नाम दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, नंद किशोर सिन्हा, डीपी पांडे, अंजना चंद्राकर, लतिका यादव, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि एक दीप शहीदों के नाम रोशन कर शहीदों को याद किया। शहीदों की याद में जब दीये जगमगाए तो चहुंओर शौर्य का उजाला छा गया। दीपों से प्रज्ज्वलित होते ही प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति हो रही थी। सभी के दिलों में शहीदों के प्रति अपार सम्मान व कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। ये दीप उनकी यादों में रोशन किए गए थे जिनके बलिदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता राष्ट्र को जिंदा रखने के लिए असंख्य वीर शहीदों ने अपना बलिदान दिया। भारत मां की आन-बान व शान के लिए वे हंसते-हंसते शहीद हो गए। हम अपने इन शहीदों को याद करते हैं। भारत देश के अपने अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हैं।

## स्वरोजगार : आगामी तीन महीनों में 150 दुकान खोले जाएंगे

# बिहान योजना के तहत 30 महिला आजीविका दुकानों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहान योजना अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित 30 आजीविका दुकानों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार द्वारा 6 दुकानों का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रत्येक विकासखंड से 6-6 दुकानों का शुभारंभ किया गया है। इन दुकानों के माध्यम से महिला समूह की सदस्य न केवल स्वरोजगार से जुडेगी, बल्कि अपने जीवन स्तर में भी निरंतर सुधार करेगी। ये दुकानें महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए सीधे बाजार के रूप में भी कार्य करेंगी, जिससे उन्हें अपने उत्पादों के विक्रय के लिए किसी बिचौलिये पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

जिला पंचायत सीईओ नंदनवार द्वारा यह नवाचार की शुरुआत की गई, जिसका नाम आजीविका 150 रखा गया है। इस नवाचार के अंतर्गत आगामी 3 माह में पूरे जिले में 150 आजीविका दुकानों के शुभारंभ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आज 30 दुकानों के उद्घाटन के साथ इस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत हो गई है।

आज जिन स्थानों पर दुकानों का शुभारंभ हुआ, उनमें बागबाहरा, खल्लारी, तेंदूकोना, महासमुंद के मोंगरा तथा पिथौरा के गढ़बेड़ा शामिल हैं। बागबाहरा विकासखंड के क्लस्टर खल्लारी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत नंदनवार ने बिहान बाजार का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीईओ नंदनवार ने समूह की महिलाओं की बधाई दी। शुभारंभ अवसर पर जय मां शीतला महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा ग्राम बोईरगांव में प्रारंभ की गई फैंसी एवं कपड़ा दुकान के खुलने पर समूह की महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को स्व-रोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि बिहान मिशन का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को संगठित कर उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। मिशन के अंतर्गत ऐसे बाजारों और स्व-रोजगार गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण आजीविका में वृद्धि हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि बिहान बाजार स्थानीय उत्पादों के विपणन का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे न केवल महिला समूहों की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि उनकी आय के स्त्रोत भी सुदृढ़ होंगे। उन्होंने महिला समूहों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और ग्राहक संतुष्टि पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं स्थानीय ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मड़ई मेला के साथ ही डांस स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम सुखरीडबरी और टूरीझर में आयोजित मंडई मेला और डीजे डांस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

ग्राम सुखरीडबरी व टूरीझर में मड़ई मेला और डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव के ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि यादव ने मड़ई मेला में शिरकत करते हुए डीजे डांस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक यादव ने ग्रामवासियों को मड़ाई मेला की बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन हमारी छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति, किसान परंपरा और सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव होता है। उन्होंने कहा कि मड़ई मेला हमारे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है। जिसे हम अपने पूर्वजों से पीढ़ी दर पीढ़ी देखते आए हैं। हमें भी इस सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना है तथा आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना है। सुखरीडबरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोकूल साहू, चंदेश्वर दीवान, जानकी ठाकुर, जीवन साहू, नंदकुमार ठाकुर, प्रीतम साहू, ओमप्रकाश, छेदूराम चक्रधारी, गोपाल ध्रुव, राजू ध्रुव, हेमलाल चक्रधारी, फुलित राम पटेल, लक्ष्मीचंद चक्रधारी, दिनेश यादव, डायमंड साहू, यशवंत साहू, जागेश्वर दीवान, लता ठाकुर, मिथलेश चक्रधारी, शहजान पाशा सहित ग्रामवासी तथा ग्राम टूरीझर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य रवि फरौदिया, जनपद सदस्य जितेंद्र साहू, रामनारायण साहू, संजय साहू, रामसिंग साहू, टेमन सिंह दीवान, हेमूराम गौटिया, भारत साहू, नोहर सिंह दीवान, मोहन साहू, योगेंद्र साहू, नीलसिंग पटेल, हेमंत साहू, हृदयराम साहू, ताराचंद साहू, गजेंद्र साहू, लखन यादव, तुकेश साहू, शहजान पाशा सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में दो का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी के उमाशंकर पटेल अनवरपुर और राधा पटेल दावनबोड़ का स्कूल नेशनल के लिए चयन हुआ। ये दोनों खिलाड़ी महाराष्ट्र के सांभाजीनगर में 6 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला परियोजना समन्वयक रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य कोयल सिंह सबर, कमल चक्रधारी, बिशंभर ठाकुर, आलोक द्विवेदी ने हर्ष जताया है।

# नववर्ष पर छात्रों ने किया इको गार्डन की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में ईको क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा नववर्ष को यादगार बनाते हुए विद्यालय प्रांगण में ईको गार्डन की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि पेड़-पौधे के सुरक्षित रहने से वातावरण स्वच्छ होता है और शुद्ध हवा प्राप्त होता है। छात्र छात्राओं ने तीन महीना पहले अपने द्वारा लगाए गए पौधों में फूल लगने पर प्रसन्नता जाहिर किए। विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा ने पौधों की कटाई, छटाई एवं अनावश्यक खरपतवार को नष्ट करने के लिए निर्देशित किया और साफ़ सफ़ाई का महत्व समझाया। ईको क्लब के प्रमिला निषाद, धनेश्वरी सेन, यामिनी यादव, रिंकी यादव, रीना पटेल, छाया पटेल, वेदिका सेन, पुर्वी देवांगन, वीणा निषाद, दीक्षा चक्रधारी, ट्विंकल ध्रुव, लेखा डड़सेना, पुनिका पटेल, कामना पटेल, पायल निषाद, चंद्रिका यादव शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव आदि मौजूद रहे।

# सतनामी समाज अपने अधिकारों के लिए जागरूक समाजः द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद


गुरु पर्व माह के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को छत्तीसगढ़ महासमुंद जिला की अंतिम छोर पर बसे ओडिशा सीमा से लगे खट्टी में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्षता दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, विशेष अतिथि विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव, लल्लू चेलक जिलाध्यक्ष



नुआपड़ा, भोजनाथ मधुकर सहसचिव, हरक मन्नाडे जिला कार्यकारिणी सदस्य, तेजराम चौलिक जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, डॉ राजकुमार टंडन व संतोष पटेल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, किशोर चतुर्वेदी व पंचायत पदाधिकारी मौजूद रहे।

पहली बार गांव में सतनाम शोभायात्रा पंथी टोली व पोस्टर बैनर के माध्यम से बाबा के संदेशों को प्रचारित करते हुए निकाली गई। मंचीय कार्यक्रम में विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सतनामी समाज को छत्तीसगढ़ में अपने अधिकारों के लिए सबसे ज्यादा जागरूक रहने वाली समाज बताया। गुरु घासीदास बाबा और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के विचारों पर चलने वाली समाज है। समाज के मांग पर सामाजिक गुरु द्वारा निर्माण के लिए तीन लाख देने की घोषणा की। दिनेश बंजारे ने समाज को संगठित रहकर ही समाज को नई दशा दिशा देने की अपील की। युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। विजय बंजारे ने 90 सतनामी परिवार में एक भी नौकरी वाले नहीं होने पर चिंता जाहिर करते हुए शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग करने की भरोसा दिलाया। रेखराज ने भेदभाव संबंधित प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। संतोष पटेल व किशोर चतुर्वेदी ने भी अपनी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन राजू पांडे व आभार शिवचरण कुर्रे ने किया।

कार्यक्रम में हरिशंकर यादव, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र जैन, रमेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि यादराम सिन्हा, उपसरपंच रोशन तारक तथा प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ग्राम कमेटी के अध्यक्ष शिवा निराला, सचिव दीपक कुर्रे, देवसिंग रात्रे, तेजू कुर्रे व युवा पदाधिकारी समाज जन के साथ ग्राम वासी उपस्थित रहे।




### नपाध्यक्ष ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**महासमुंद।** नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका क्षेत्र के लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए। नपा कार्यालय में विभिन्न मोहल्लों और वार्डों से पहुंचे लोगों ने साहू को अपनी समस्याएं बताई। जिसमें प्रमुख रूप से नालियों के गंदे पानी का व्यवस्थीकरण, स्ट्रीट लाइट की खराबी, सफाई व्यवस्था, सड़क की मरम्मत और पेयजल, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन जैसी कई समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं। अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी नागरिकों की बातें एक-एक कर सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि पालिका कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए सीधे कार्यालय आएं, ताकि उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पालिका कार्यालय में पारिवारिक माहौल में हुआ यह संवाद आमजन और उनके प्रतिनिधि के बीच विश्वास को और गहरा करने वाला साबित हुआ। इस दौरान साहू ने कहा कि नगर के समग्र विकास की कुंजी पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की सक्रिय भागीदारी में ही है। उन्होंने यह भी दोहराया कि पालिका में आमजनों से भेंट मुलाकात का सिलसिला सतत जारी रहेगा।

# नववर्ष पर स्वान ने कस्तूरबा ट्रस्ट बेलसोंडा के छात्रों को बांटे सामग्री




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्वान यूथ क्लब ने 1 जनवरी 2026 को नए वर्ष की शुरुआत को सार्थक बनाते हुए कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट बेलसोंडा में अनाथ आश्रम के बच्चों के लिए सेवा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम क्लब के सेवा-शिक्षा-अनुशासन संकल्प का जीवंत प्रमाण सिद्ध हुआ, जिसमें युवा सदस्यों ने पूर्ण समर्पण के साथ भाग लिया। क्लब अध्यक्ष निलेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन समाज सेवा की नई मिसाल कायम करने में सफल रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट प्रतिनिधि डॉ. एचबी कलिकोटी एवं डॉ. ज्योति कलिकोटी, उप-प्रतिनिधि हेमलता चंद्राकर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर रुकमणी साहू में उपस्थिति में हुआ। क्लब सदस्यों ने अनाथ बच्चों को पेन, नोटबुक, रिफ्रेशमेंट एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित कीं। मुख्य आकर्षण जुम्बा एवं कराटे प्रशिक्षण (इंटरनेशनल कराटे चैंपियन लकी शिवारे द्वारा) रहा। वहीं योग सत्र (महर्षि विद्या मंदिर के योग गुरु सुभाष पांडे द्वारा) बच्चों में आत्मविश्वास एवं स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी। इसके अलावा एक जागो अभियान चलाया गया, जिसमें सदस्यों ने बच्चों संग समय बिताकर प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कार्यक्रम दोपहर 4 बजे प्रारंभ होकर सायंकाल तक चला, जिसमें अनुशासन एवं समयबद्धता का पूर्ण पालन किया गया।

इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष अनुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव एवं मीडिया प्रभारी ग्रंथ चोपड़ा, सहसचिव साहिल शर्मा, सदस्यगण दीपक साहू, निशी चंद्राकर, लक्ष्य यादव, गुलशन चंद्राकर, आनंद साहू, लकी, डेविड, नागेंद्र यादव, सुधीर यादव, सोहन साहू, कंचन, राखी, ज्योत्सना शर्मा, कृति गायकवाड़, पुष्पेंद्र, गुपेंद्र, राधिका आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत-विकसित संसार का सपना पूरा करना महाविद्यालय का लक्ष्य

# भारतीय परिवारों की जड़ों को जीवन विद्यारुपी खाद की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- ग्राम स्वराज्य व्यवस्था की सफल परंपरा ही शिक्षा का उद्देश्य

परिवार मूलक ग्राम स्वराज्य व्यवस्था संवाद और उत्सव के तहत मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही ने 9 दिवसीय परिवार निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न परिवारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि विकसित भारत-विकसित संसार का सपना पूरा करने, सुखी समृद्ध व्यक्ति और सुखी समृद्ध परिवार निर्माण करना ही चेतना विकास मूल्य शिक्षा का उद्देश्य है। जिला शिक्षा अधिकारी रहते मीता मुखर्जी ने मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही और कोकड़ी सरकारी स्कूल के साथ मिलकर इस संबंध में अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किया। भारतीय परिवारों को जीवन विद्यारुपी खाद की जरूरत है, क्योंकि भारतीय परिवार अब टूट रहे हैं। बुजुर्गों का सेवा सत्कार हमारी संस्कृति है। अस्तित्व की हर इकाई हमारा परिवार है। परिवार ही प्रमाण का आधार है। परिवार में जीने से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है। परिवार में प्रमाण पूर्वक जीना एक उत्सव है। बड़े बुजुर्ग जब परिवार में प्रमाण पूर्वक जीते हैं तो



बच्चे उनका अनुकरण करते हैं। बच्चों को संस्कारवान, संस्कारी माता पिता और परिवारजन ही बनाते हैं। सिर्फ रक्त संबंधी ही हमारे परिवार जन नहीं होते, अपितु एक समान विचारधारा वाले साथ अध्ययन करने वाले सर्व शुभ को सोचने और जीने वाले भी हमारे परिवार जन हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा यही सिखाती व समझाती हैं। मध्यस्थ दर्शन, जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा का नवीनतम दर्शन हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सतत विकास लक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र संघ के विचार धारा को शिक्षा के माध्यम से साकार करेगी। अंबा दीदी का दिन चर्या और जीवन शैली जीवन विद्या के अनुरूप है। भारतीय संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय नारी, एक आदर्श मां, बहन, परिवारजन के रूप में दीदी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है।

इस संबंध में उन्नत शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर में प्राचार्य मीरा मुखर्जी के नेतृत्व में जीवन विद्या कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका प्रबोधन शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने करते हुए भी एड कालेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ग्रामीण जीवन शैली और परिवार व्यवस्था के बारे में संवाद करते हुए अंबा दीदी की तरह परिवार में जीने का प्रस्ताव दिया। शिक्षकीय कार्य को कोकड़िया ने सबसे पवित्र कार्य बताया और जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के रूप में मीरा मुखर्जी द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्यों से महाविद्यालय के शिक्षकों और भावी शिक्षकों को अवगत कराया।

